हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 9 अगस्त 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

RERA APPROVE: PCGRERA060524001774



RERA APPROVED

## CHITVAN
★★★★★ Farm

फ़ार्म मतलब चितवन

## ज़मीन का वो टुकड़ा जो आँखों से उतर कर दिल में बस जाता है, चितवन कहलाता है.

**प्रीमियम लोकेशन पर फ़ार्म हाउस, कॉटेज और प्लॉट. जहाँ हरियाली, सुकून और सुविधाएँ, सब होंगी आपके आस-पास.**



- Yoga & meditation zone
- Picnic & barbecue spots
- Swimming pool
- Electricity & water supply
- On-site beautiful temple
- Kids play area

रायपुर रोड का पहला एकमात्र फ़ार्महाउस प्रोजेक्ट | फ़ायनेंस सुविधा उपलब्ध | Site Address: Manda Mod, NH 130, Bilaspur (C.G)

Concept & Design @ AdPRAYAS

DCT Real Estate Developers® Bilaspur (C.G.)
DCT Real Estate Developers
प्रॉपर्टी मतलब DCT

# DCT REAL ESTATE DEVELOPERS
**Red. Office:** Behind High Court, Chhatauna Road, Bilaspur (C.G.)
**Contact for Site Visit & Booking :** 6264883066, 7470886613
Website: dctrealestate.in

FOR SITE VISIT

**खबर संक्षेप**

## इंदल देव सेवा समिति ने कांवड़ियों को कराया भोजन



**खरौद।** छत्तीसगढ़ की काशी लक्ष्मणेश्वर महादेव की नगरी खरौद में कांवड़ यात्रियों का जत्था चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर ,पैदल यात्रा करते हुए विभिन्न माध्यमों से एक दिन पूर्व रविवार को खरौद पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं के रुकने एवं भोजन की व्यवस्था विगत 15 वर्षों से इंदल देव सेवा समिति के द्वारा निःस्वार्थ भाव से किया गया। समिति के कार्य को देखकर नगर वासियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। समिति के सदस्यो व सहयोगियों के द्वारा भोजन प्रसाद, ठहरने की व्यवस्था एवं आवश्यकता अनुसार दवा की व्यवस्था की जाती है।

## युवा मोर्चा के सदस्यों ने किया प्रसाद वितरण



**खरौद।** युवा मोर्चा खरौद कोड़ाभाट मंडल सदस्यों द्वारा सावन के चौथे सोमवार को प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद में लोगों को हलवा, केला पानी पाउच वितरण किया गया। इस कार्य में सदस्यधरम सिदार पूर्व पार्षद राघवेंद्र यादव, रुपेश सोनी,शिव साहू, शिव श्रीवास, रोशन राही, कपिल यादव, देवाशीष निर्मलकर, अजय आदित्य, पंकज सोनी, पुष्पेंद्र श्रीवास, रामेंद्र यादव, रवि आदित्य, परमेश्वर यादव, मनोज यादव, धर्मेंद्र सिदार, मनराखन यादव, साहिल सिदार, रमेश सागर,विवेन्द्र यादव, नरेंद्र सिदार प्रसाद वितरण में भारतीय जनता पार्टी के कोड़ाभाट मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह मंडल, महामंत्री उत्तम सोनी, महामंत्री सनत साहू, सम्मेलाल साहू पूर्व महामंत्री पामगढ़ मंडल बसंत यादव का मार्गदर्शन व विशेष सहयोग रहा।

## भारत को आत्मनिर्भर बनाने पेंशनर चलाएंगे जन जागरूकता अभियान

**चांपा।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रादेशिक अधिवेशन आशीर्वाद भवन रायपुर में आयोजित किया गया। अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम विधायक बीजापुर,विशिष्ठ अतिथि अनुराग पाण्डेय पूर्व कलेक्टर बीजापुर , वीरेन्द्र नामदेव प्रांताध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने भारत माता की पूजा अर्चना करके किया। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त आई ए एस अधिकारी एवं केशकाल विधान सभा क्षेत्र के विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि पेंशनर साथी हमारे समाज के रीढ़ हैं। समाज के मार्गदर्शक हैं। शासकीय सेवा में लम्बे समय तक कार्य करने के कारण उन्हें देश, काल, परिस्थिति का अच्छा ज्ञान होता है। न केवल समाज को अपितु शासन प्रशासन को उनके दीर्घ अनुभव का लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि पूर्व कलेक्टर एवम पेंशनर अनुराग पाण्डेय ने कहा कि हमारे भारतीय समाज में परिवार के वरिष्ठ जनों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। पेंशनर हमारे समाज के लिए विशिष्ठ व वरिष्ठ दोनों हैं। इनकी समस्याओं पर सरकार प्राथमिकता क्रम से विचार करे। आज सरकार राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत देने में अपनी असमर्थता जाहिर करती है। इस अधिवेशन में जांजगीर चांपा जिला से परमेश्वर स्वर्णकार, मनहरण सिंह राजपूत, ए आर घृत लहरे,,नैन सिंह क्षत्री,रामसेवक सोनी,छोटे लाल देवांगन,प्रभाकर देवांगन, नरेन्द्र कुमार कर्ष ,बसंत तिवारी ,चंद्र कुमार मिश्रा ने उत्साह से भाग लिया।

### जूनियर रविन्द्र, नीलम के रामायण भजनों पर झूमे श्रोता

# रमापति राम उमापति शंभू, एक दूजे का नाम और धारा, राम दरबार है जग सारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसी में प्रथम सरपंच, मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला की नवमीं पुण्य तिथि परंपरानुसार मनाई गई। यहां चौबीस घंटे के अखण्ड रामायण पाठ के साथ मानस गायन व प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अशोक नगर (मध्यप्रदेश) से पहुंचे नीलम सिंह यादव (जूनियर रविन्द्र जैन) के रामायण भजनों ने लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।

गुरुवार 7 अगस्त को कीर्ति शेष पंडित सुशील शुक्ला की नौवीं पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुराज प्रसाद पांडेय, दिनेश शर्मा, पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. परस शर्मा, सुबोध शुक्ला, हस्तरोखा विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि घासीराम कश्यप और सेवा सहकारी समिति तुलसी के अध्यक्ष किशोर कश्यप, नृपेन्द्र गौरहा विशेष रुप से उपस्थित थे। उन्होंने पंडित शुक्ला के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात मानस गायन व प्रवचन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस मौके पर जूनियर रविन्द्र जैन नीलम सिंह यादव ने रामानंद सागर कृत रामायण और कृष्णा के भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने गणेश वंदना और हनुमान चालीसा से कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात मंगल भवन अमंगल हारी, कांधे पर दोऊ वीर बिठाकर चले वीर हनुमान, ओ मईया तेने का ठानी मन में, राम भक्त ले चला रे राम की निशानी जैसे भजनों को हुबहू रविन्द्र जैन की आवाज में सुनाकर उपस्थितजन समूह को भाविभोर कर दिया। इसके पश्चात श्री नारायण दीनदयाल जय जगदीश हरे और राम दरबार है जगसारा को सुनाया तो लोग भक्तिभाव से सराबोर होकर झूमने लगे। अंत में रामायण की आरती और प्रार्थना विसर्जन चौपाईयों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## तुलसी में पुण्य तिथि पर बही मानस रस गंगा



मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला को श्रद्धा सुमन अर्पित करते अतिथिगण।



रामायण भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार।

## गायन में कप्तान ने दी संगत तो झूमने लगे लोग

पंडित सुशील शुक्ला की नौवीं पुण्य तिथि पर जूनियर रविन्द्र जैन नीलम सिंह यादव के रामायण भजनों को सुनकर श्रोता समाज भावविभोर तो थे ही इस बीच पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने माइक लेकर रामायण भजन गाने में संगत दी तो माहौल और भी भक्तिपूर्ण हो गया। इस दौरान भजन मंडली के साथ अतिथि और उपस्थित जनसमूह भी झूमने लगे। श्री पांडेय ने चार-पांच भजनों में संगत देकर लोगों को चकित कर दिया।

### नौ वर्षों से मानस गायन व प्रवचन करने वाली मंडली हुई सम्मानित

पंडित सुशील शुक्ला की पुण्य तिथि पर उपस्थित अतिथियों ने उनकी स्मृति में विगत नौ वर्षों से प्रत्येक मगलवार को मानस गायन और प्रवचन करने वाली जगदंबा मानस मंडली के सदस्य और सहयोगियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने जूनियर रविन्द्र जैन भजन गायक नीलम सिंह यादव गांव के लक्ष्मी कश्यप को भी शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्याधर शुक्ला, छेदी शुक्ला, धन्नुलाल तिवारी, मनोज शुक्ला, आशीष शुक्ला, जोगेन्द्र शुक्ला, योगेन्द्र शुक्ला,मजीद खान, विजय तिवारी, मंडली के माखन साहू, देवराज कश्यप, छहुरा यादव, श्यामलाल कश्यप, लखन साहू, छेदीलाल निर्मलकर, उत्तदास महंत, उमेंद केंवट, लकेश विश्वकर्मा, सुखदेव यादव, सूरज नागेश, रमेश केंवट सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पं. शुक्ला को किया याद



कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने पंडित शुक्ला के मानस प्रेम और उनके कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में यह आयोजन सराहनीय और अनुकरणीय है। दिनेश शर्मा ने आयोजन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने कहा कि इस गांव का नाम तुलसी है और वहां का मानस प्रेम भी दिख रहा है। उन्होंने नौ सालों से प्रत्येक मंगलवार को हो रहे मानस गायन और प्रवचन की सराहना करते हुए सभी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि मानस गायन और कीर्तन से मन को शांति मिलती है। सुबोध शुक्ला ने स्व. पं. सुशील शुक्ला के मानस प्रेम और समाज सेवा के कार्यों का उल्लेख करते हुए अपनी स्मृतियां साझा की। कार्यक्रम का संचालन ज्योतिषाचार्य डॉ. राजेन्द्र शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. बलदेव शर्मा ने किया।



बैठक के दौरान चर्चा करते स्कूल स्टाफ व पालक।

## विद्यार्थियों के बेहतर अध्यापन के लिए घर के वातावरण को अनुकूल बनाने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- संकुल केंद्र बरगवां के समस्त शालाओं में पीटीएम का किया गया आयोजन

संकुल केंद्र केंद्र बरगवां के शासकीय हाई स्कूल बरगवां सहित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवां, कटघरी, महमदपुर ,शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ एवं महमदपुर में पालक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संकुल प्रभारी अजय मार्बल एवं शैक्षिक समन्वयक अंबरीश सिंह बैस के द्वारा छात्रवृत्ति, कैरियर गाइडेंस, शिक्षा गुणवत्ता, शैक्षणिक गतिविधियां, न्योता भोज, निशुल्क गणवेश, निशुल्क पाठ्यपुस्तक, छात्राओं के लिए निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना सहित विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान पालकों को विद्यार्थियों के बेहतर अध्यापन कार्य के लिए घर के वातावरण को अनुकूल बनाने एवं विद्यार्थियों की दिनचर्या निर्धारित करने का आग्रह किया गया साथ ही उन्हें आज बच्चों ने क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों के अकादमी एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, बच्चों के कक्षा एवं आयु अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण व पोषण की जानकारी, जाति आय एवं निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोजन एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए चलाई जा रही विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ व्याख्याता राजीव कुमार साहू,बीएल कर्ष , श्रीमती शिखा पांडे, श्रीमती लक्ष्मी साहू , श्रीमती रुक्मणी पटेल , के पी देवांगन, प्रधान पाठक गंगा राम साहू, गोविंद नारायण देवांगन,गौरी शंकर साहू,सिद्धि सिदार ,सुचिता धीवर, श्रीमती विजयलक्ष्मी सिंह, शिक्षक अजय साहू, सनत साहू, आशा देवांगन, मेरी कंचन तिग्गा, प्रमोद कौशिल, सुरेश कुमार कंवर, सतीश पटेल, श्रीमती कादंबनी साहू, श्रीमती मंजूलता पाटले, शंकर लाल कश्यप, श्रीमती अमृत कंवर, देवेंद्र तिवारी, नितिशा धीरेंद्र, डमरूधर खुंटे, श्रीमती हेमलता यादव, श्रीमती सबीना बानो खान, श्रीमती शशि कंवर, श्रीमती मीना बंजारे, श्रीमती संगीता सिदार, भवानी कमलवंशी,श्याम साहू , रूपेश सिंह, राजेश्वर रात्रे, श्रीमती सुनीता कमलवंशी, श्रीमती सुमन दुबे, दुर्गेश सिंह चंदेल, श्रीमती राजकुमारी मार्बल, श्रीमती कुंती कंवर व ग्राम वासी उपस्थित थे।

# ठाकुर की पारदर्शिता और नगर विकास में योगदान की हमेशा की जाएगी सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- सेवानिवृत्ति पर सी. एम. ओ. को सम्मानपूर्वक दी गयी विदाई , पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मान



सेवानिवृत्त सी. एम. ओ. भोला सिंह ठाकुर को विदाई देते पालिकाध्यक्ष व अन्य

स्थानीय नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर विगत गुरूवार को सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर नगर पालिका कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में उन्हें नगर पालिका परिवार के पार्षदों, नगर पालिका पदाधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदारों सहित प्रेस क्लब चांपा द्वारा सम्मान पूर्वक विदाई एक समारोह के दौरान दी गयी।

अपरान्ह 4 बजे से आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने कहा कि सी. एम. ओ. भोला सिंह ठाकुर का सेवा काल पालिका में एक मिसाल है। उन्होंने ठाकुर की सजग, निष्ठावान एवं पारदर्शी कार्यशैली की सराहना करत हुए उनके साथ बिताये गये कार्यकाल को प्रेरणादायी बताया। नामदेव ने कहा कि ठाकुर का सेवा काल पूर्णतः बेदाग रहा जो उनकी ईमानदारी का परिचायक है। पालिका उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह खटकर, नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडेय तथा नव पदस्थ सी. एम. ओ. विक्रम भगत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ठाकुर का सम्पूर्ण सेवा काल बेदाग रहा जो उन्हें एक उत्कृष्ट व अनुकरणीय प्रशासक सिद्ध करता है। उनकी सरलता, पारदर्शिता और नगर विकास में योगदान की हमेशा सराहना की जायेगी। समारोह को इसके अलावा पालिका के कार्यपालन अभियंता योगेश राठौर व पार्षदों के अलावा शिवरीनारायण एवं अकलतरा के सी. एम. ओ. ने भी संबोधित करते हुए उन्हें एक ईमानदार और निष्पक्ष प्रशासक निरूपित किया। सेवानिवृत्त सी. एम. ओ. भोला सिंह ठाकुर ने भी इन भावुक पलों के दौरान पालिका के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों तथा नगर के जनप्रतिनिधियों से मिले सहयोग को जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सफलता का पूरा श्रेय नगर पालिका परिवार को जाता है जिनके सहयोग से ही उनका सेवा कार्य बेदाग हो पाया। इस मौके पर पालिका के पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदारों के अलावा प्रेस क्लब द्वारा उनका सम्मान पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। समारोह का संचालन चैतराम डिंडोरे तथा अंत में आभार प्रदर्शन उप अभियंता देवेन्द्र कैवत्र्य ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, पार्षदगण, ठेकेदार तथा प्रेस क्लब चांपा के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।



कार्यक्रम में उपस्थित सेवा केन्द्र के सदस्य एवं अन्य।

# सावन का महीना भगवान शिव को होता है समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मे हर्षोल्लास से मनाया गया सावन पर्व

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र अकलतरा मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस सावन के अंतिम सप्ताह में हर्ष और उल्लास से सावन का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में महिला कीर्तन मंडली के सदस्यों के द्वारा शिव जी का भजन एवं कीर्तन के मध्ययम से उनके सभी रूपों , गुणों, का गायन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा केंद्र प्रभारी बी के भूवनेश्वरी बहन ने कहा कि यह सावन पर्व हमारे शिव जी का अति पावन पर्व और प्रिय समय है। सावन का महीना सनातन धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण महीना होता है। यह पर्व भगवान शिव को समर्पित होता है। सावन के दैवरान शिव भक्त विभिन्ना पूजा अर्चना और अनुष्ठान करते है। जिसमे रुद्रा अभिषेक ,महा मृत्युंजय जाप और शिव लिंग का जला अभिषेक शामिल है। कार्यक्रम मे ज्योति अग्रवाल, लक्ष्मी, अनिता, दुर्गा, संतोषी, देवकी, कंचन, रामेश्वरी, शांति, शोभा, सुमन, भारती, महक,लता, श्रुति, रतन सिंह चंदेल, रामाधार, रामकुमार, सियाराम, राजेश, सुमित, उत्तम, जय अग्रवाल, अजित, केशव, सभी सेवा केंद्र के सदस्य शामिल रहे।

# खरसिया-सपिया मार्ग में शुरु हुआ अस्थायी मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम



सड़क किनारे किया जा रहा मिट्टी फिलिंग का कार्य।

खरसिया-सपिया मुख्य मार्ग की हालत बद् से बदतर हो गई थी। लगातार बारिश के चलते सड़क पर बने गड्ढों और जर्जर पुल की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं। स्कूली छात्र-छात्राएं, मरीज, वाहन चालक और राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा था।

ग्राम पंचायत सपिया के सरपंच , उपसरपंच, पंचगण व स्थानीय ग्रामीणों ने जनसमस्याओं को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी खरसिया को जिला प्रशासन के नाम पत्र लिखकर इस मार्ग की गंभीर स्थिति से अवगत कराया था। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए अंततः प्रशासन हरकत में आया और खरसिया-सपिया मार्ग में अस्थायी रूप से मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सड़क के दोनों ओर पटरी भराई का कार्य किया जा रहा है, जिससे वाहन चालकों को संतुलन बनाने में आसानी हो रही है और मार्ग थोड़ी राहत देने लगा है। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोगों का कहना है कि यह प्रशासन की पहली सकारात्मक पहल है, लेकिन यह केवल एक अस्थायी समाधान है जब तक पूरी सड़क की मरम्मत और पुल का पुनर्निर्माण नहीं होता, तब तक दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहेगी। ग्रामीणों ने कहा कि यदि इसी तरह जनसमस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और समय रहते समाधान किया जाए तो क्षेत्र का समुचित विकास संभव है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सरल विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बदलाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 9 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

रमापति राम उमापति शंभू, एक दूजे का नाम और धारा, राम दरबार है जग सारा

2



## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक-07817222032 है। अपर कलेक्टर आर के तंबोली को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग संचालनालय रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं लेटरल एण्ट्री के आधार पर सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 26 सीट के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र संस्थान के वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है। स्वप्रमाणित आवेदन पत्र पोस्ट द्वारा ईमेल द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर 15 अगस्त को सायं 5 बजे तक प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा में जमा किया जा सकता है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ में जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खिसोरा 1 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र देवरी में सहायिका पद हेतु 21 अगस्त तक इच्छुक अभ्यार्थियों से कार्यालयीन समय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ से संपर्क किया जा सकता है।

### पुलिसिंग कसावट लाने एसआई और एएसआई का तबादला

**जांजगीर-चांपा।** जिले में लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ उप निरीक्षक और सहायक उप निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। इस संबंध में जांजगीर-चांपा पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने आदेश जारी किया है। आदेश में 1 उप निरीक्षक और 4 सहायक उप निरीक्षकों को नई पदस्थापना दी गई है। यह तबादला प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया है, ताकि पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और दक्षता बनी रहे। पुलिस विभाग के अनुसार, इन अधिकारियों को काफी लंबे समय से एक ही थाने में पदस्थ होने के कारण स्थानांतरित किया गया है।

### हर घर राष्ट्रीय ध्वज फहराने कलेक्टर ने किया प्रेरित

**जांजगीर-चांपा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन 15 अगस्त तक तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त, तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। यह अभियान हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' थीम पर आधारित होगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने अभियान की सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। अभियान के दौरान सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो। कलेक्टर ने संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार निम्नानुसार गतिविधियों संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही मौके पर सेल्फी अपलोड कर प्रमाण पत्र ले सकते हे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जांजगीर के प्रतिष्ठानों में दी दबिश

# एक्शन मोड पर अफसर, 65 दुकानों की जांच, 9 में मिला अमानक खाद्य पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

त्यौहारी सीजन को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम एक्शन मोड़ पर है। टीम द्वारा जांजगीर के 65 प्रतिष्ठानों की जांच पड़ताल की गई। जांच के दौरान 9 खाद्य पदार्थ अमानक पाया गया। साथ ही साथ नकली सिल्वर वर्क एवं मिठाईयों को नष्टीकरण करने की कार्रवाई की गई है।

शनिवार 9 अगस्त को भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर बड़े पैमाने पर मिष्ठान्न भंडार, डेयरी संस्थान, स्ट्रीट फूड वेंडरों में खाद्य पदार्थ बनाए गए है। वहीं इसकी जांच को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार 8 अगस्त को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला चलित मशीन के माध्यम से जांजगीर शहर के विभिन्न मिठाई दुकान, रेस्टोरेंट, डेयरी संस्थान, स्ट्रीट फूड वेंडरों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान इन प्रतिष्ठानों से 65 खाद्य पदार्थो का सेंपल लिया गया। जांच के दौरान 9 खाद्य पदार्थ अमानक स्तर का पाया गया। इस दौरान अमानक खाद्य पदार्थो के साथ नकली सिल्वर वर्क पाए जाने पर मिठाईयों को तत्काल नष्टीकरण कराने की कार्रवाई की गई है। इसके पूर्व भी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बुधवार 6 अगस्त को सक्ती जिले के विभिन्न मिष्ठान्न भंडार, किराना दुकान, डेयरी सहित विभिन्न संस्थानों में दबिश देकर बड़े पैमाने पर खाद्य पदार्थो का सेंपल लिया गया था। इधर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई से प्रतिष्ठान संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इधर रक्षाबंधन पर्व को लेकर शुक्रवार 8 अगस्त को जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक, नेताजी चौक, केरा रोड सहित अन्य जगहों पर काफी भीड देखी गई। वहीं मिठाईयों की भी खूब बिक्री हुई।



मिष्ठान्न दुकान में जांच करने पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।



### की गई है कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में दबिश देकर 65 खाद्य पदार्थो का सेंपल लिया गया। जांच के दौरान 9 खाद्य पदार्थ अमानक पाया गया। जिस पर कार्रवाई की गई है।

-अपर्णा आर्या,
खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# 8 सालों से जुगाड़ के भवन में संचालित हो रहा पिपरदा का मिडिल स्कूल

## बच्चों के साथ साथ शिक्षकों को होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बम्हनीडीह ब्लाक के पिपरदा गांव का मिडिल स्कूल 8 सालो से जुगाड के भवन में संचालित हो रहा है। जिसके चलते स्कूल में पढने लिखने वाले बच्चो के साथ साथ शिक्षको को काफी परेशानी होती है। लेकिन शिक्षक एवं छात्रो की समस्या को लेकर जिम्मेदार स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरो को कोई सरोकार तक नही है।

गौरतलब है कि बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पिपरदा के मिडिल स्कूल का संचालन विगत 8 सालो से प्राथमिक शाला के भवन में किया जा रहा है।जिसके चलते स्कूल का संचालन मजबुरन दो पालियो मे किया जा रहा है। ऐसे में शिक्षको के साथ साथ बच्चो को भी अध्ययन करने में परेशानी होती है। पिपरदा मिडिल स्कूल में कक्षा 6 से 8वी तक 66 छात्र पढाई लिखाई कर रहे है। ऐसा भी नही कि मिडिल स्कूल में भवन की समस्या को लेकर विभाग के अधिकारियो को अवगत नही कराया गया हो। इन सबके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। पहली पाली में जहां कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक कक्षायो का संचालन होने के साथ साथ मध्यान भोजन बच्चो को कराया जाता है। इसके बाद यह ब्यवस्था मिडिल स्कूल के लिए बनाई जाती है। जहां एक ही भवन परिसर के बीच मिडिल स्कूल का संचालन पढाई एवं मध्यान भोजन की ब्यवस्था दुसरी पाली के लिए बनाई जाति है। ऐसे में परेशानी छात्र एवं शिक्षको को होती है। मिडिल स्कूल पिपरदा में बच्चो को पढाने के लिए प्रधान पाठक समेत तीन शिक्षको की नियुक्ती शासन स्तर से की गई है।





### पशु औषधालय भवन जर्जर, बारिश में टपकता पानी



**देवरी-सारागांव।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत लछनपुर में संचालित पशु औषधालय भवन की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है। यह भवन अब पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो चुका है। बारिश के दिनों में भवन की छत से पानी टपकता है और दीवारों में सीपेज हो रही है, जिससे कार्यालयीन कार्य प्रभावित होता है। कर्मचारियों को बैठने तक की सुविधा नहीं मिल पाती है और उन्हें भीगते हुए अपनी ड्यूटी निभानी पड़ती है। यह पशु औषधालय क्षेत्र के लगभग 18 गांवों के किसानों एवं पशुपालकों के लिए एकमात्र इलाज का केंद्र है। बीमार पशुओं के इलाज के लिए ग्रामीण इसी औषधालय में आते हैं, लेकिन यहां की खस्ता हालत देखकर उन्हें भी काफी असुविधा होती है। ना तो बैठने की समुचित व्यवस्था है, ना ही भवन सुरक्षित है। विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कर ग्रामीणों की मांग है कि शीघ्र ही इस भवन की मरम्मत कराई जाए या नया भवन निर्माण किया जाए ताकि पशु औषधालय की सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रह सकें और कर्मचारियों को भी सुरक्षित एवं सुविधाजनक कार्य स्थल मिल सके।

### कराया गया अवगत

मीडिल स्कूल का संचालन प्राथमिक शाला के भवन में किया जा रहा है। जिसके चलते छात्रों को परेशानी होती है। इस समस्या को लेकर विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

-मोतीलाल अंचल,
प्रधान पाठक, मीडिल स्कूल पिपरदा

# 866 अभ्यर्थियों ने अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा में जांजगीर-चांपा जिले के 866 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण है, बल्कि प्रदेश स्तर पर भी जांजगीर-चांपा को दूसरे स्थान पर है।

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा इस सफलता से जिले के अन्य युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। कलेक्टर श्री महोबे ने आगामी 1 सितम्बर से सभी सफल उम्मीदवारों के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण की शुरूआत करने के निर्देश खेल अधिकारी को दिए हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है, ताकि जिले से अधिक से अधिक युवाओं का चयन सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा, चाहे वह प्रशिक्षण सामग्री हो, विशेषज्ञ मार्गदर्शन हो या आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रशिक्षण को पूरी निष्ठा और गुणवत्ता के साथ संचालित किया जाए। इस पहल से न केवल युवाओं का मनोबल बढ़ेगा। कलेक्टर ने कहा कि यह सफलता जिले के युवाओं की लगन, मेहनत और संकल्प का परिणाम है। कलेक्टर ने पूर्व सैनिक कल्याण संघ के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों से कहा कि उनके मार्गदर्शन, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रशिक्षण के फलस्वरूप जिले के युवाओं ने लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि लिखित परीक्षा में सफलता के बाद अब अगला महत्वपूर्ण चरण शारीरिक दक्षता परीक्षा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पूर्व सैनिकों, अनुभवी प्रशिक्षकों के माध्यम से निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे अभ्यर्थियों को शारीरिक रूप से पूर्ण रूप से तैयार होने का अवसर मिलेगा और सफलता की संभावना बढ़ जाएगी।

**खास बात**

- जिला प्रशासन द्वारा 1 सितम्बर से दिया जाएगा नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

# मुक्तिधाम से पंप की चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

मुक्तिधाम से सबमर्सिबल पंप की चोरी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लोहराकोट निवासी गणेश श्रीवास पिता सत्यनारायण श्रीवास उम्र 32 साल 7 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6-7 अगस्त के मध्य लोहराकोट के आश्रित ग्राम तांदुलडीह के मुक्तीधाम के पास 1 नग एचपी का समर्सिबल किसान पंप कीमती 10 हजार 200 रूप्ये एवं बोर का केबल तार कीमती 10 हजार 5 सौ रुपए, पावर केबल 4800 रुपए जुमला 25 हजार 500 रूप्यें को चोरी होना एवं रात में 12 बजे लोहराकोट निवासी परदेशी सिदार एवं बलवंत सिह सिदार को बाइक में घूमते हुए देखा गया था। संदेह के आधार पर दोनों संदेहियों पूछताछ करने पर परदेशी सिदार से 1 नग एचपी का समर्सिबल किसान पंप कीमती 10200 रूप्ये एवं आरोपी बलवंत सिह सिदार से बोर का केबल तार कीमती 10500 रूप्ये , पावर केबल 4800 रूप्यें कुल जुमला 25500 रूप्ये एवं घटना मे प्रयुक्त मोसा. बजाज कंपनी का पल्सर को बरामद कर जप्त किया गया है। दोनो आरोपियो को शुक्रवार 8 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से नहर में गिरा बाइक सवार युवक, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा नवागढ थाना अंतर्गत ग्राम पनगांव का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पनगाव निवासी रमेश रत्नाकर अपने गांव पनगांव से बाइक में सवार होकर अपनी मौसी नवागढ़ ब्लॉक के सेमरा जा रहा था, जैसे ही सैमरा के कारीमाटी के नहर के पास पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। जिससे रमेश रत्नाकर नहर में जा गिरा, और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे की सुचना नवागढ़ थाना में दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ भेजवाया है। पुलिस मामले में की जांच में जुट गई है।



# डंडे से पीटकर छोटे भाई की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डंडे से पीटकर छोटे भाई की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने सुनाया है।

इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार मामला चांपा थानांतर्गत ग्राम बरमचौक सिवनी (चांपा) का है। संदीप सिंह बनाफर लोक अभियोजक, जांजगीर के बताये ग्राम सिवनी में उसका मंझला लड़का जम्मू में काम करता है। 4 मार्च 2024 को प्रार्थिया सुशीलाबाई बरेठ ने थाना चांपा उपस्थित होकर सूचना दी कि सुरेश तथा छोटा लड़का संतोष उसके साथ रहते है। संतोष शराब पीने काआदी है। 3 मार्च को उसका छोटा लड़का संतोष घर के चावल को बेचकर सुबह से शराब पी रहा था। रात्रि करीब 8 बजे उसका बड़ा लड़का सुरेश काम करके घर आया और खाना खा रहा था, उसी समय छोटा लडका संतोष घर आया और सुरेश के कालर को पकड़कर झगड़ा करने लगा, तो दोनों भाई आपस में मारपीट करने लगे। दूसरे दिन संतोष नहीं उठा तो प्रार्थिया संतोष के कमरे में जाकर देखी, तो संतोष मृत हालत में पड़ा था। प्रार्थिया की उक्त सूचनापर उप निरीक्षक दिलीप सिंह द्वारा थाना चांपा में अपराध दर्ज किया गया। गवाहों को शव पंचनामा कार्यवाही हेतु नोटिस देकर मृतक के शव का पंचनामा नक्शा पंचायत नामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम हेतु बीडीएम अस्पताल चांपा भेजा गया। जहां शव परीक्षण किया गया। जिसके अनुसार उसकी मृत्यु चोर के कारण हुई थी। जिसके तहत चांपा थाने में अपराध दर्ज कराया गया था। इसके बाद यह मामला न्यायालय पहुंचा। इस घटना को लेकर आरोपी सुरेश बरेठ पिता खीकलाल बरेठ उम्र 43 वर्ष को आजीवन कारावास एवं 5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने सुनाया फैसला

## बिर्रा मार्ग से आने जाने वाले लोगों को करनी पड़ी मशक्कत

# त्यौहारी सीजन के दौरान बस स्टैण्ड में लगी वाहनों की कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

त्यौहारी सीजन के चलते बिर्रा बस स्टैण्ड में वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली। जिसके कारण बिर्रा मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ज्ञात हो कि शनिवार 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इसके पूर्व रक्षाबंधन पर्व को लेकर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही बिर्रा बस स्टैण्ड में देखने को मिली। यहां बस स्टैण्ड के पास वाहनों की लंबी कतारें नजर आई। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानियां हुई। रक्षा बंधन के पहले दिन बसस्टैण्ड में वाहन की भारी भीड़ को हटाने के लिए पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू ने कमान संभाली। इसके लिए पहली बार पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू ने घंटों तक बसस्टैण्ड में आवाजाही को सुगम और सरल बनाने का भरसक प्रयास किया। वहीं अभी तक किसी भी पुलिस थाना ने भीड़भाड़ बसस्टैण्ड में किसी भी त्यौहार में सुरक्षा व्यवस्था नाम मात्र की थी किन्तु जब से नवपदस्थ पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू ने पुलिस थाना में आमद दी है, तब से लगातार दिन रात पुलिस पेट्रोलिंग करते पाया गया। वही पुलिस ने बसस्टैण्ड के आसपास भीड़भाड़ जगह में आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू ने हमेशा अपने दल के साथ पुलिस व्यवस्था दुरुस्त करने में लगे रहे। साथ ही पुलिस ने अवैध कारोबार करने वाले पर नकेल कसना शुरू भी कर दिया है। वहीं आम लोगों को पुलिस के बीच संवाद स्थापित करने के लिए पुलिस निरीक्षक द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।



बिर्रा बस स्टैण्ड में लगी वाहनों की कतार।



# सीएम के जांजगीर प्रवास दौरान विधायक ने विभिन्न कार्यों को लेकर रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जांजगीर प्रवास के दौरान अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बलौदा क्षेत्र के पहरिया में नवीन महाविद्यालय एवं बलौदा नगर पंचायत में सर्वसुविधायुक्त सतनाम भवन निर्माण की स्वीकृति ग्राम अमरताल एवं ग्राम खैजा में मेला स्थल का सौन्दर्यीकरण एवं सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण एवं विधानसभा क्षेत्र के अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव में विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त राशि प्रदान किये जाने की मांग की है। पत्र में ग्राम पहरिया के छात्रों को 12वीं के शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए 15 से 20 किलोमीटर दूर बलौदा या जांजगीर जाना पड़ता है। जिससे कई छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे है। जिनमें ज्यादा संख्या छात्राओं की है, 2013 में तत्कालिन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा यहां महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई थी किन्तु प्रकिया आज तक आगे नहीं बढ़ पाई। इसके पूर्व भी मैंने आपके जांजगीर प्रवास पर आग्रह किया था तथा विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया था। छात्र-छात्राओं की हित को देखते हुए शीघ्र ही महाविद्यालय प्रारंभ करने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## मॉडर्न हाई स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन एवं विश्व आदिवासी दिवस



**हसौद।** मॉडर्न हाई स्कूल हसौद में रक्षाबंधन एवं विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। रक्षाबंधन के अवसर पर छात्राओं द्वारा सुंदर राखियां बनाकर भाइयों की कलाई पर बांधी गईं तथा भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक यह पर्व भावनात्मक रूप से मनाया गया। साथ ही विद्यालय में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें गीत, नृत्य एवं भाषण के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की महत्ता और उनकी परंपराओं को उजागर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने इन आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को अपने सांस्कृतिक मूल्यों को समझने तथा सुरक्षित रखने की प्रेरणा दी।

## मुख्यमंत्री व खुशवंत साहेब को सामुदायिक भवन की स्वीकृति के लिए सौंपा मांग पत्र

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद के सभापति व युवा भाजपा नेता अमित कुमार अनंत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब को नवीन सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु मांग पत्र सौंपा है। गौरतलब है कि गुरुवार को जांजगीर अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न हुआ।इस बैठक में सीएम साय व अनु. जाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब सहित मंत्री,विधायक और कलेक्टर शामिल हुए थे। इस दौरान भाजपा नेता अमित कुमार अनंत ने सीएम साय व उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब को मांग पत्र सौंपकर अवगत कराया कि नगर पंचायत राहौद के वार्ड क्रमांक 04 एवं 05 अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। जहां अभी तक सामुदायिक भवन की स्वीकृति नहीं मिली सकी है। पिछले 10 सालों से सामुदायिक भवन की मांग की जा रही है।श्री अनंत ने अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद् से सर्व सुविधायुक्त नवीन सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु मांग की है।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा 13 अगस्त को

**डभरा।** 9 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व आदिवासी दिवस रक्षाबंधन होने के कारण सर्व आदिवासी समाज द्वारा 13 अगस्त को मनाया जाएगा। मुख्य आयोजक क्षेत्रीय विधायक राम कुमार यादव होंगे। विदित हो कि 9 को प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। तहसील डभरा में भी सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस बार 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व है। इस कारण डभरा के सर्व आदिवासी समाज द्वारा 13 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया है, जो कि नगर के कृष्णा पैलेस में मनाया जाएगा। इस बार आयोजित कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक राम कुमार यादव के अगुआई में ही विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## बुड़गहन प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूल में मेगा पीटीएम का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुड़गहन में शिक्षक एवं पालक व अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें शाला में अध्ययनरत बच्चों की प्रगति रिपोर्ट पालकों व शिक्षकों के बीच प्रस्तुत किया गया।इस कार्यक्रम में मिडिल स्कूल प्रधान पाठक बालक राम कुर्रे, द्वारा पेटीएम के उद्देश्य की विस्तार पूर्वक जानकारी दी । इस दौरान जनपद पंचायत बलौदा अश्वनी दिनकर उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षक रंजीत सिंह तंवर, सुरेश किरण, कृष्ण कुमार प्रधान, प्राथमिक शाला से हेमराज, नारायण केंवट, विनोद केंवट, का सराहनीय योगदान रहा।

### ऑपरेशन उपहार : पुलिस ने एक हेलमेट भाई के नाम के तहत 1124 हेलमेट का किया वितरण

# यातायात नियमों का पालन करते हुए अनिवार्य रूप से पहनें हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रक्षा बंधन के महापर्व पर जांजगीर चांपा पुलिस की अभिनव पहल "एक हेलमेट भाई के नाम" पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रांतर्गत मोटर सायकल चालकों को "ऑपरेशन उपहार" के तहत 1124 निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया।

पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में "आपरेशन उपहार" का शुभारंभ किया किया है, जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा शुक्रवार 8 अगस्त को जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्रांतर्गत निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। हेलमेट पहनने की आदत न केवल कानूनी आवश्यकता है, बल्कि यह हमारी और हमारे परिवार की सुरक्षा की पहली ढाल है। आप सभी का यह प्रयास न केवल लोगों को जागरूक करेगा, बल्कि उन्हें प्रेरित भी करेगा कि जीवन की कीमत किसी जुर्माने से नहीं, जिम्मेदारी से समझी जाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य हेलमेट पहनकर मोटर सायकल चलाने के लिए जागरूक करना, सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करना, यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देना और लोगों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए प्रेरित करना। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने और नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील। यातायात नियमों का पालन न करने से होने वाले जान- माल की हानि पर प्रकाश डालना, सुरक्षित वाहन चलाने की महत्ता को समझाना। यातायात पुलिस की अपील हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। वाहन के सभी दस्तावेज दुरुस्त रखें। बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन न चलाएं। नशे की स्थिति में वाहन चलाने से बचें। नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने से परहेज करें। आपरेशन उपहार के तहत जिले के विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता, चांपा पेट्रोल पंप संघ, संगठन, व्यापारीगण, व्यावसायिक व औद्योगिक संगठन एवं जन सहयोग से हेलमेट जांजगीर पुलिस को हेलमेट प्रदाय किया गया है, जिसे पुलिस द्वारा दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करते हुए वितरण किया जा रहा है। इस ऑपरेशन का उद्देश्य परस्पर एक दूसरे को हेलमेट का उपहार देकर उसके जीवनभर की उपयोगी चीज़ को देना है, जैसा कि किसी के जन्मदिन, विवाह, एनिवर्सरी, सामाजिक कार्यक्रम आदि अवसरो पर ऐसे उपहार दिए जाए तो जन जागरुकता की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम होगा। परस्पर हेलमेट पहनने को प्रेरित कर यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करना इस अभियान का उद्देश्य है।



सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए बाइक चालक को हेलमेट पहनाते एसपी विजय कुमार पांडेय एवं अन्य।

## दुर्घटना से बचाव के लिए वाहन चलाते स्पीड का रखें ध्यान

बिर्रा। बस स्टैण्ड में राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने एवं दुर्घटना से बचाव के लिए 30 हेलमेट का निशुल्क वितरण किया गया। बिर्रा पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू भारती जनसेवा संघ पत्रकार साथी ने रक्षा बंधन के पहले दिन बसस्टैण्ड बिर्रा में यातायात के नियमों के पालन एवं सुरक्षित यात्रा के संबंध में एक उपहार अपनो नाम कार्यक्रम में राहगीर को निशुल्क हेलमेट वितरण किया गया तथा तथा अपने जीवन को सुरक्षा उपहार हेलमेट वितरण का नया संदेश राहगीरों को दिया गया। पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू ने नाबालिग लड़का लड़की के द्वारा वाहन नहीं चलाने, मोटरसाइकिल में तीन सवारी नहीं बिठाकर वाहन चलाने, हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चलाने तथा तेज गति में वाहन नहीं चलाने के अलावा यातायात नियमों का पालन करने के अलावा राहवीर योजना के उद्देश्य के बारे में बताया गया। वहीं राहवीर योजना में आम व्यक्ति सड़क दुघर्टना में घायल को सुरक्षित अपने नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया जाएं उसे सरकार 25 हजार राशि की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में चित्रभानु पाड़ेय, जितेन्द्र तिवारी, अध्यक्ष दुर्गा ड़ड़सेना, उपाध्यक्ष जीवन साहू, कोषाध्यक्ष संजू साहू, सचिव एकांश पटेल, हेमन्त जायसवाल, सुरेश कुमार, राघवेन्द्र पांडेय, भारती जनसेवा संघ धन्नू ड़ड़सेना, मिलन केवट, रमेश पटेल, मनीष पटेल, सनत साहू, तुलेश पटेल, अमित डड़सेना, अजय पटेल, मिथलेश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 60 दो पहिया चालकों को वितरित किए हेलमेट



**पामगढ़।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जांजगीर-चांपा पुलिस ने एक अनूठी और जीवन रक्षक पहल एक हेलमेट भाई के नाम की शुरुआत की है। यह अभियान सडक़ सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा है। 8 अगस्त को जिले के सभी थाना-चौकी क्षेत्रों में हेलमेट निशुल्क दोपहिया चालकों को वितरित किए किया गया । इस अभियान के तहत पामगढ़ पुलिस ने भी हेलमेट निशुल्क 60 दोपहिया चालकों को वितरित किए किया गया । इस दौरान थाना प्रभारी पामगढ़ मनोहर सिन्हा ने कहा हेलमेट को एक उपयोगी उपहार के रूप में देना है। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना और दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। पुलिस की यह पहल रक्षा बंधन जैसे त्योहार पर भाइयों की रक्षा के प्रतीक के रूप में हेलमेट को उपहार देकर सडक़ सुरक्षा की एक नई परंपरा शुरू कर रही है। यातायात पुलिस की अपील है कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें। इसके अलावा नाबालिगों को वाहन न दें, सभी दस्तावेज साथ रखें, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे में वाहन बिल्कुल न चलाएं। कार्यक्रम में अमर ट्रेडर्स पामगढ़, अमित सेल्स पामगढ़, शारदा वस्त्रालय पामगढ़, कबीर कलेक्शन, कृष्णा टेंट हाउस पामगढ़ , मां ट्रेडर्स व मां कृषि फर्म पामगढ़ का सहयोग रहा। इस दौरान कार्यक्रम में श्रीमती शेषराज हरवंश विधायक पामगढ़ , श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े अध्यक्ष नगर पंचायत पामगढ़ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्तागण, व्यापारीगण, पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## फलदार व छायादार पौधे का रोपण कर चैंबर ने लिया सुरक्षा का संकल्प

**चांपा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा प्रदेश के सभी जिला और इकाइयों में एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम के तहत पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसी कड़ी में चेंबर ऑफ कॉमर्स चांपा इकाई द्वारा कोरबा रोड स्थित डी.बी.



तनिष्का में बृहद रूप से फलदार एवं छायादार वृक्ष का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया । चांपा इकाई के अध्यक्ष सुनील सोनी ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा पूरे प्रदेश में एक साथ पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। पौधरोपण कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों के सहयोग व भागीदारी से प्रदेश को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगा। पौधरोपण कार्यक्रमों को सफल बनाने में धीरेन्द्र बाजपेई, अजय बंसल, अमरजीत सलूजा, नागेंद्र गुप्ता, सेवक देवांगन, अनिल मोदी, संजय अग्रवाल, सुनील साधवानी, प्रकाश अग्रवाल, रघुनन्दन सोनी, रूपेश गर्ग, विनय सोनी, अनिल सोनी, विशाल केडिया, अनुपम अग्रवाल, विक्की मनवानी, शलभ अग्रवाल, विनय केडिया, आशीष अग्रवाल, यश केडिया, विनय अग्रवाल, शंकर शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# जिला स्तरीय वॉलीबॉल बालिका अंडर 19 में अकलतरा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता वॉलीबॉल 14 ,17 एवं 19 वर्ष बालक,बालिका का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हरदी जर्वे में किया गया।

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हरदी जर्वे में हुआ आयोजन

प्रतियोगिता के 19 वर्ष बालिका में अकलतरा विजेता एवं बम्हनीनडीह उप विजेता रही इसी प्रकार बालक 19 वर्ष में बम्हनीनडीह विजेता, अकलतरा उपविजेता , बालक 17 वर्ष बम्हनीनडीह विजेता, अकलतरा उपविजेता, तृतीय नवागढ़, बालिका 17 वर्ष अकलतरा विजेता, बम्हनीनडीह उपविजेता, तृतीय नवागढ़ , चतुर्थ बलौदा , बालक 14 वर्ष अकलतरा विजेता बम्हनीनडीह उपविजेता , बालिका 14 वर्ष अकलतरा विजेता बम्हनीनडीह उपविजेता , बलौदा तृतीय स्थान पर रही । प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य मुख्य अतिथि सुशील कुमार चौबे अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हरदी अकलतरा ,विशिष्ट अतिथि घनश्याम साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत हरदी , गीता प्रसाद मिरी पूर्व सरपंच हरदी, महावीर निर्मलकर जनपद प्रतिनिधि अकलतरा रहे। अध्यक्षता हेमलता गौतम प्राचार्य हरदी ने की। सुशील कुमार चौबे ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि खेल में हार जीत होती है। कोई एक जीतता है तो कोई हारता है परन्तु हारने वाले को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। घनश्याम साहू उपसरपंच हरदी ने बच्चों से कहा कि जितना पढ़ना जरूरी है उतना ही खेलना भी जरूरी है। गीता प्रसाद मिरी ने बच्चों को खेल भावना से खेलने और सभी को खेल में विजय होने कहकर आशीर्वचन प्रदान किया । महावीर निर्मलकर ने बच्चों को डटकर खेलने और उन्हें सुरक्षित खेलने की सलाह दी । कार्यक्रम को संजय कुमार यादव ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी अकलतरा ने भी संबोधित किया। प्रमोद कुमार तिवारी हरदी , चंद्रशेखर महतो तागा, अमन शर्मा अकलतरा , सी पी आदित्य , विवेकवर्त उपाध्याय, गौरव कटकवार खेल प्रभारी बम्हनीन डीह , नितेश शर्मा बलौदा, प्रत्यूष नेमी नवागढ़, प्रमोद कुमार तिवारी वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक हरदी ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता का संचालन किया एवं संजय कुमार यादव ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एवं उपस्थित खिलाड़ी।

## आदर्श ग्राम कुकदा में भोजली प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**गोधना।** आदर्श ग्राम कुकदा में आगामी रविवार 10 अगस्त को पारंपरिक भोजली प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया जाएगा। ग्राम पंचायत के तत्वावधान में एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्राम की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखना तथा ग्रामीणों के बीच आपसी एकता और सहभागिता को बढ़ावा देना है।प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आग्रह किया गया है। इस बार प्रतिभागियों के लिए विशेष रूप से आकर्षक पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं, जिनकी घोषणा आयोजकों द्वारा की गई है। प्रथम पुरस्कार 1501 रु., द्वितीय पुरस्कार 1001 रु., तृतीय पुरस्कार 701 रु. , चतुर्थ पुरस्कार 501 रु, पंचम पुरस्कार 301 रु, षष्ठम पुरस्कार 201 रु., सप्तम पुरस्कार 101 रु. दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार 50 रु. चयनित प्रतिभागियों को दिए जाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन बंधवा तालाब चंडी मंदिर के पास किया जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस के दिन घर-घर लगाया जाएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनतापार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा के मार्गदर्शन में सक्ती नगर मंडल की आवश्यक बैठक 8 अगस्त को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को लेकर जिला कार्यालय सक्ती में आहूत की गई, जिसमें आने वाले स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर मार्गदर्शन दिया गया, जहां प्रत्येक बूथों में घर घर तिरंगा झंडा लगाए जाने हेतु भाजपा कार्यकर्ता सक्रियरूप शामिल रहेंगे। भाजपा का सदस्य आस पड़ोस के साथ अपने घरों में भी तिरंगा फहराए एवं झंडा के साथ अपना शेल्फ़ी जरूर खींचे। तिरंगा झंडा सम्मान के साथ व्यवस्थित जगहों पर लगाया जाएं। इस बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रामावतार अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र, सक्ती नगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश यादव, साहू, रोशन राठौर, रामावतार साहू, अनिता सिंह, ललीता साहू, मीडिया प्रभारी आदित्य अग्रवाल, भुनेश्वर यादव, सूरज देवांगन, आदि उपस्थित रहे ।

**खास बात**

- तिरंगा यात्रा एवं हरघर तिरंगा को लेकर भाजपा सक्ती नगर मंडल की बैठक संपन्न




बैठक में विचार विमर्श करते भाजपा पदाधिकारी।

# लक्ष्मणेश्वर धाम में मासिक सत्संग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

महामाया अध्यात्म परिषद खरौद द्वारा मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित सदस्यों द्वारा महामया देवी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर महामाया मन्दिर में आरम्भ किया गया।

प्रतिमाह की प्रथम रविवार को आयोजित सत्संग मे श्रावण मास के अंतिम सोमवार के पूर्व संध्या के अवसर पर धनसाय यादव ने विचार ब्यक्त करते हुए कहा कि महावीर श्री हनुमानजी महाराज , सीता अन्वेषण के समय समुद्रोलंघन जैसे असंभव कार्य को बल औऱ बुद्धि से संभव कर दिया। भगतराम साहू ग्राम मुड़पार ने मानस के कागभुशुंडी और गरुड़जी के संवाद प्रसंग में बताया कि ज्ञान और भक्ति दोनों भगवान को पाने का साधन है। परन्तु ज्ञान मार्ग कठिन मार्ग और भक्ति मार्ग को सरल मार्ग बताया । ज्ञान मार्ग को तो कृपाण की धारा बताया। महिलाओं ने भी आगे आकर सत्संग में विचार ब्यक्त की। गौरी यादव और चंद्रप्रभा यादव दोनों ने कहानी के माध्यम से बताई कि मां की स्थान पिता से उच्च होता है , यदि पुत्र के रक्षा करने जैसे किसी घटना में पिता भले ही पीछे हो जाय पर मां क़भी पीछे नहीं रहती क्योंकि मां की ममता पुत्र के लिए ऐसी होती है कि पुत्र की रक्षा के लिए अपने जान तक की न्यौच्छावर तक कर देती है। सुमित्रा आदित्य ने भी देवी माता की सुमधुर स्वर में जसगीत प्रस्तुत की। परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि यादव ने यह अपील किया कि आज के युग मे हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इस नगर में भोजली पर्व लुप्त होने के कगार पर है। भोजली विसर्जन के दिन सभी महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर जागृति लाएं।



सत्संग करते लोग।

### केशरी शिक्षण समिति में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# देश की रक्षा में तैनात जवानों को अपने हाथों से बनाई राखियां भेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जब देश रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई-बहन के स्नेह के धागों से जुड़ रहा था, उसी समय केशरी शिक्षण समिति ने इस पर्व को एक नया आयाम देते हुए उसे देश के उन वीर सैनिकों को समर्पित किया, जो परिवार से दूर रहकर सरहदों पर देश की रक्षा में संलग्न रहते हैं।

इस विशेष अवसर पर कॉलेज के छात्राध्यापक, छात्राध्यापिकाएं ने अपने हाथों से रक्षा-सूत्र (राखियां) तैयार कीं और हृदयस्पर्शी पत्रों के माध्यम से सैनिकों को स्नेह, सम्मान और कृतज्ञता प्रेषित किया। इस देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के डायरेक्टर सुरेश यादव के मार्गदर्शन में हुआ तथा इसका सफल एवं समन्वित आयोजन संस्था की प्राचार्य डॉ. रेखा तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती स्वाति कश्यप, जितेंद्र तिवारी, श्रीमती आशा तिवारी एवं सुश्री राखी पाण्डेय का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने न केवल व्यवस्थाओं में सहयोग किया, बल्कि विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से भी प्रेरित किया। छात्र-छात्राएं राखियों को सजाते समय केवल रंगों और काग़ज़ से नहीं खेल रहे थे, बल्कि वे अपनी भावनाएं पिरो रहे थे। हर धागे में एक संदेश, हर अक्षर में एक भावना, और हर कार्ड में एक देशभक्त हृदय की धड़कन थी। डायरेक्टर सुरेश यादव ने संबोधन में कहा जब हमारे सैनिक सीमाओं पर अडिग खड़े हैं, तो यह हमारा भी कर्तव्य है कि उन्हें यह एहसास कराएं कि पूरा देश उनका परिवार है। यह आयोजन उसी भावना का प्रतीक है। प्राचार्य डॉ. रेखा तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा इन राखियों में न केवल बहनत्व, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी की भावना भी जुड़ी है। यह विद्यार्थियों को संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिक बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत किया। कई छात्राओं ने पत्रों में अपने मन की बातें साझा कीं।



सीमा पर तैनात जवानों को भेजने के लिए राखी बनाती छात्राएं।




